भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2272
07/08/2026 को उत्तरार्थ

विषय: **कृषि योग्य भूमि तथा कृषि पर निर्भर परिवारों का आकलन**

2272. श्री तेजवीर सिंहः

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने नवीनतम कृषि जनगणना तथा अन्य आधिकारिक सर्वेक्षणों के आधार पर देश में कृषि योग्य भूमि के आकार, जोतों के आकार और कृषि पर निर्भर परिवारों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति का व्यापक आकलन किया है;

(ख) यदि हाँ, तो विगत पाँच वर्षों के दौरान कृषि योग्य भूमि के क्षेत्रफल, जोतों के औसत आकार और कृषि परिवारों की औसत आय में राज्य-वार क्या परिवर्तन दर्ज किये गये हैं; और

(ग) देश में अपनी आजीविका के लिए कृषि पर निर्भर ग्रामीण परिवारों का वर्तमान प्रतिशत कितना है?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)

(क) और (ख): भारत में राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के सहयोग से प्रत्येक पांच वर्ष में कृषि संगणना की जाती है। कृषि संगणना देश में ऑपरेशनल होल्डर्स के सामाजिक-आर्थिक पहलुओं पर विश्वसनीय डेटाबेस उपलब्ध कराती है जिसका उपयोग कृषि नीतियां बनाने के लिए किया जाता है। यह वर्गों (सीमांत, लघु, अर्ध-मध्यम, मध्यम और बड़े), किरायेदारी, जोतों के समेकन, भूमि वितरण आदि के आधार पर परिचालन जोत की संख्या, आकार और वितरण के बारे में जानकारी प्रदान करता है, जिसका उपयोग भूमि के उपयोग, सिंचाई सुविधाओं, फसल विविधीकरण, मशीनीकरण और अन्य कृषि इनपुट के लिए प्रभावी योजना बनाने हेतु किया जाता है। इसके अलावा, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा समय-समय पर कृषि परिवारों की स्थिति आकलन सर्वेक्षण (एसएएस) आयोजित किया जाता है। यह ग्रामीण कृषि परिवारों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति, आय के स्रोतों, मासिक व्यय और ऋण के स्तर के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करता है।

नवीनतम कृषि संगणना 2015-16 के अनुसार राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार कृषि योग्य भूमि क्षेत्र और परिचालन जोत का औसत आकार अनुबंध-I में दिया गया है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा कृषि वर्ष जुलाई 2018-जून 2019 के दौरान किए गए नवीनतम "कृषि परिवारों की स्थिति आकलन सर्वेक्षण (एसएएस)" के अनुसार, विभिन्न स्रोतों से प्रति कृषि परिवार राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र-वार औसत मासिक आय का विवरण अनुबंध-II में दिया गया है। चूंकि अंतिम सर्वेक्षण वर्ष 2019 में किया गया था, अतः पिछले पांच वर्षों के औसत मासिक आय स्तर की जानकारी उपलब्ध नहीं है।

(ग): ग्रामीण क्षेत्रों में एनएसएस के 77वें दौर के माध्यम से एमओएसपीआई द्वारा किए गए नवीनतम स्थिति आकलन सर्वेक्षण (जनवरी, 2019 - दिसंबर, 2019) के अनुसार, देश में ग्रामीण परिवारों की अनुमानित संख्या 17.24 करोड़ है, जिनमें से 9.30 करोड़ कृषि परिवार हैं, जो देश में कुल ग्रामीण परिवारों का लगभग 54 प्रतिशत है। ये कृषि परिवार मुख्य रूप से कृषि गतिविधियों के माध्यम से अपनी आजीविका चलाते हैं।

अनुबंध I

"कृषि योग्य भूमि तथा कृषि पर निर्भर परिवारों का आकलन" के बारे में राज्य सभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 2272, दिनांक 07/08/2026 को उत्तरार्थ के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

कृषि संगणना वर्ष 2015-16 के अनुसार राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार अनुमानित निवल कृषि क्षेत्र और परिचालन जोत का औसत आकार

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)	
		निवल कृषि क्षेत्र	परिचालन जोत का औसत आकार
1	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	16,183	1.78
2	आंध्र प्रदेश	7,765,681	0.94
3	अरुणाचल प्रदेश	266,942	3.35
4	असम	2,885,389	1.09
5	बिहार	6,201,127	0.39
6	चंडीगढ़	885	1.22
7	छत्तीसगढ़	4,821,608	1.24
8	दादरा और नगर हवेली	20,525	1.38
9	दमन और दीव	2,751	0.36
10	दिल्ली	28,523	1.39
11	गोवा	81,620	1.10
12	गुजरात	9,974,319	1.88
13	हरियाणा	3,606,031	2.22
14	हिमाचल प्रदेश	608,689	0.95
15	जम्मू और कश्मीर	779,862	0.59
16	झारखंड	2,902,991	1.10
17	कर्नाटक	11,672,796	1.36
18	केरल	1,176,414	0.18
19	लक्षद्वीप	2,200	0.27
20	मध्य प्रदेश	15,327,137	1.57
21	महाराष्ट्र	19,434,027	1.34
22	मणिपुर	172,152	1.14
23	मेघालय	287,413	1.29
24	मिज़ोरम	112,465	1.25
25	नागालैंड	552,134	4.87
26	ओडिशा	4,596,454	0.95
27	पुदुचेरी	20,188	0.62
28	पंजाब	3,953,574	3.62
29	राजस्थान	19,386,485	2.73
30	सिक्किम	75,750	1.27
31	तमिलनाडु	5,795,115	0.75
32	तेलंगाना	5,661,655	1.00
33	त्रिपुरा	256,623	0.49
34	उत्तर प्रदेश	17,346,836	0.73
35	उत्तराखंड	709,471	0.85
36	पश्चिम बंगाल	5,338,650	0.76
	कुल	**151,840,660**	**1.08**

स्रोत: कृषि संगणना डेटा 2015-16, डीए एंड एफडब्ल्यू

अनुबंध II

"कृषि योग्य भूमि तथा कृषि पर निर्भर परिवारों का आकलन" के बारे में राज्य सभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 2272, दिनांक 07/08/2026 को उत्तरार्थ के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार कृषि वर्ष जुलाई 2018-जून 2019 के दौरान कृषि परिवार की अनुमानित औसत मासिक आय		
क्र. सं.	**राज्य/पूर्वोत्तर राज्यों का समूह/संघ राज्य क्षेत्रों का समूह**	**प्रति कृषि परिवार औसत मासिक आय (₹)**
1	आंध्र प्रदेश	10,480
2	अरुणाचल प्रदेश	19,225
3	असम	10,675
4	बिहार	7,542
5	छत्तीसगढ़	9,677
6	गुजरात	12,631
7	हरियाणा	22,841
8	हिमाचल प्रदेश	12,153
9	जम्मू और कश्मीर	18,918
10	झारखंड	4,895
11	कर्नाटक	13,441
12	केरल	17,915
13	मध्य प्रदेश	8,339
14	महाराष्ट्र	11,492
15	मणिपुर	11,227
16	मेघालय	29,348
17	मिजोरम	17,964
18	नागालैंड	9,877
19	ओडिशा	5,112
20	पंजाब	26,701
21	राजस्थान	12,520
22	सिक्किम	12,447
23	तमिलनाडु	11,924
24	तेलंगाना	9,403
25	त्रिपुरा	9,918
26	उत्तराखंड	13,552
27	उत्तर प्रदेश	8,061
28	पश्चिम बंगाल	6,762
	पूर्वोत्तर राज्यों का समूह	**16,863**
	यूटी समूह	**18,511**
	अखिल भारतीय	**10,218**
स्रोत: एनएसएस रिपोर्ट संख्या 587: ग्रामीण भारत में कृषि परिवारों तथा भूमि और पशुपालकों की स्थिति का आकलन, 2019		

******